हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 29 .1 डिग्री
न्यूनतम 5 .2 डिग्री

10 सदाचारी मनुष्य के लिए संपूर्ण सृष्टि में कुछ भी ...



11 दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री की गांरटी पर ...



## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र की नशा तस्करों पर कारवाई लगातार जारी है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नशा-मुक्त हरियाणा के तहत नशा तस्करों पर कारवाई करते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोप में बलविन्द्र सिंह वासी चौरा जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 205 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।

### पानीपत में छात्र का हत्यारोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने खटीक बस्ती में छात्र ऋषभ की धारदार हथियार से हत्या करने



मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे तीनों आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में शामिल चौथे आरोपी समुनी अहमद निवासी खटीक बस्ती को गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो बाइक व एक चाकू बरामद किया गया है। जबकि वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में कृष निवासी विराट नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जुआरी पकड़े, 50 हजार रुपये बरामद

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने अशोक विहार कॉलोनी में जुआ खेल रहे सोनू पुत्र राजेंद्र निवासी अशोक विहार कॉलोनी, सतीश पुत्र रमेश निवासी वधावाराम कॉलोनी, भजन लाल पुत्र सेवाराम निवासी कुटानी रोड, शम्मी पुत्र वसीम निवासी विद्यानंद कॉलोनी व मंजूर पुत्र सैयद अली निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 50 हजार 150 रूपए की नगदी बरामद की। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना किला में गैम्बलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### दिनदहाड़े मोबाइल और नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत शहर के सनौली रोड पर दिनदहाड़े पूजा सैनी निवासी रूपचंद्र कॉलोनी, सनौली रोड का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पूजा ने अपना फोन चारपाई पर रखा था। कुछ ही देर बाद चोरी हो गया। सीसीटीवी चेक किए तो वहां से पड़ोसी किराएदार आता-जाता दिखाई दे रहा है। मोबाइल फोन के कवर में पूजा का 1500 रूपये कैश भी रखा हुआ था। पूजा की शिकायत पर थाना चांदनीबाग थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### दुकान से लाखों का सामान चोरी

**पानीपत।** पानपत के गांव नौल्था में बस अड्डे पर स्थित मोटर मैकेनिक मुकेश कुमार की दुकान चोर हुई है। चोर दुकान के पीछे से ताला तोड़ कर अंदर घुसे और 8 बड़ी और 4 छोटी सबमर्सिबल मोटर, 4 डिब्बे वायर, ट्यूबवेल बोर की तीन फेज डोरी सहित अन्य छोटा-मोटा सामान चोरी कर ले गए। चोर, दुकान में खड़ी दीपक निवासी गांव जवाहरा जिला सोनीपत की मोटरसाइकिल भी चोर ले गए। इधर, मुकेश की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

डंकी रूट से युवाओं को भेजने वालों पर शिकंजा

# अमेरिका से डिपोर्ट हुए युवक की शिकायत पर एजेंट के खिलाफ केस

■ 40 लाख रुपये में भेजने के लिए एजेंट तैयार हुआ, लेकिन कई दिनों तक टरकाता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डंकी रूट से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना केयूके पुलिस ने अमेरिका भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंट अमित पंजेटा निवासी लाडवा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में विकास कुमार निवासी गांव जोगनाखेड़ा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसे पता चला कि अमित पंजेटा लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह मई 2024 में अमित पंजेटा से लाडवा में मिला और मैंने इससे कहा कि मुझे अमेरिका जाना है तो इसने कहा कोई बात नहीं हमारा यही काम है। मैंने इससे पूछा कि कितने पैसे लगेंगे इसने मुझे कहा कि आपके 40 लाख रुपये लगेंगे। उसने 28 जुलाई 2024 को 10 लाख रुपए दे दिए। अमित पंजेटा ने उसे कहा कि 2000 डॉलर व 500 यूरो अपने साथ लेकर जाने पड़ेंगे। 29 जुलाई 2024 को उसे चैक रिपब्लिक भेजा, 30 जुलाई 2024 को स्पेन मैडरिड भेज दिया जहां वह होटल में 15-16 दिन रहा। उसे कहा था कि स्पेन मैडरिड से फ्लाईट से मैक्सिको सिटी भेज दूंगा। लेकिन इसने मुझे फोन किया कि यहां से आपकी सीधे मैक्सिको की फ्लाइट नहीं होगी आपको पहले मैं ब्राजील भेज दूंगा, वहां से मैं फ्लाइट से कोलंबिया भेजूंगा और कोलंबिया से मैक्सिको की फ्लाईट करवाऊंगा। मुझसे स्पेन से ब्राजील की फ्लाइट के लिए 67200 रुपए लिए। जब वह ब्राजील एयरपोर्ट पर पहुंचा। वह 15 अगस्त 2024 को ब्राजील एयरपोर्ट पर पहुंच गया था और 22 अगस्त 2024 तक एयरपोर्ट पर कैम्प में रहा जिसमे मुझे 7-8 दिन लग गए। 22 अगस्त 2024 को ब्राजील एअरपोर्ट कैम्प से निकलकर होटल चला गया और मैं लगभग 40-45 दिन अपने खर्चे पर रहा। इसी बीच अमित पंजेटा ने मुझे फोन किया कि मैं आपकी कोलंबिया की फ्लाइट की बात चल रही है लेकिन कुछ दिन बाद मुझे बोला कि यहां से फ्लाइट से सेटिंग नहीं हो पा रही है मै आपको बाई बस कोलंबिया भेज दूंगा और वहां से मैं आपको पनामा जंगल के रास्ते से कोसट्रिका भेजूंगा और वहां से मैक्सिको भेज दूंगा। मैने इसे फोन करके बोला कि जब मेरी बात फ्लाईट की हुई थी तो आप मुझे जंगल के रास्ते क्यों भेज रहे हो इसने बोला कि फ्लाईट की सैटिंग नहीं हो रही है। मैक्सिको को जंगल के रास्ते से जाना पड़ेगा, मैंने जंगल के रास्ते मैक्सिको जाने से मना कर दिया तो यह मुझे कहने लगा कि यदि जंगल के रास्ते नहीं जाना चाहते तो अपनी टिकट कराकर इंडिया वापस आ जाओ। वहं जंगल के रास्ते ही मैक्सिको पहुंच गया और 15 जनवरी 2025 को तेजवाना बार्डर पार करके अमेरिका में ऐंटर हो गया था। वह 18-19 दिन कैंप में रहा। 2 जनवरी 2025 को रात को उसे कैंप से निकाल दिया था और 3 जनवरी 2025 को यूएसए एयरफोर्स फ्लाइट से भारत वापिस भेज दिया।





**की जा रही जांच**

गांव जोगनाखेड़ा निवासी विकास कुमार की शिकायत पर अमित पंजेटा के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 420 व इंमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
-**दिनेश कुमार**, थाना केयूके प्रभारी

## स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने स्टडी वीजा पर विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के दो आरोपियों अंकित सिन्हा व अनिल कुमार वासीयान सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र हाल वासी जीरकपुर पंजाब को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में केशव पुनीत कुमार वासी जिन्दल ग्लोबल सिटी कुरूक्षेत्र ने बताया कि आरोपी और उसका परिवार उनकी दुकान से राशन लेने आते थे। आरोपियों ने कहा की वो पढाई के लिए लड़कों को विदेश भेजते हैं। अभी वो आस्ट्रेलिया का वर्क वीजा लगवा रहे हैं अगर उसे लगवाना हो तो वो उसे भी आस्ट्रेलिया भेज देगें। उस के लिए 22 लाख रुपए लगेंगे जिसमे कुछ पैसे पहले और कुछ आस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद देने होंगे। उसने उनकी बातों में आकर 5 फरवरी 2024 को ओरिजनल पासपोर्ट, मार्कशीट और 2 लाख रुपए आरोपियों को दे दिए। उसके बाद उसे चण्डीगढ ले जाकर उसका मैडिकल करवाया और आस्ट्रेलिया का वीजा उसके फोन पर भेजा और अलग-अलग किस्तों में उससे 12 लाख 26 हजार रुपए ले लिए। उसके बाद 1 मई 2024 को मुम्बई से मेलबर्न की टिकट उसे भेजी और उसे मुंबई जाने के लिए कहा। मुंबई के होटल में में उन्होंने उसके साथ मारपीट की। जब उसने शक के आधार पर टिकट का स्टेटस चैक किया तो टिकट फर्जी निकली तथा उसका आस्ट्रेलिया वर्क वीजा, वर्क लैटर, इन्श्योरेन्श, मेडिकल भी फर्जी निकले। जब उसने इस सम्बन्ध उनसे बात की और अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज करके जांच आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की गई। टीम ने धोखाधडी करने के आरोप में अंकित सिन्हा व अनिल कुमार वासीयान सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र हाल वासी जीरकपुर पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

---

पानीपत: रेलवे ट्रैक पर मिले शव का मामला

## दोस्त ने ही की देव की हत्या सोशल मीडिया पर कबूला

■ जीआरपी की पूछताछ में इंकार किया, रेलवे पुलिस ने देव की मौत के मामले की नए सिरे से जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

करनाल के गांव शेखपुरा खालसा निवासी 20 वर्षीय देव के रेलवे ट्रैक पर मिले शव के मामले में नया मोड़ सामने आया है। देव के ही गांव निवासी दोस्त विकास महला ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि उसने ही देव की हत्या की है। वहीं जीआरपी पानीपत थाना पुलिस देव की मौत के मामले की जांच कर रही है। इधर, देव के पिता विजेंद्र 12 जनवरी की रात को देव को उसी गांव के रहने वाले अरुण ने जन्मदिन की पार्टी में बुलाया था। देव पूरी रात वापस नहीं लौटा। वहीं, 13 जनवरी की सुबह ग्रामीणों से पता लगा कि देव का शव घर से तीन किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। इधर, जीआरपी ने परिजनों को बताया था कि ट्रेन पायलट ने सूचना दी है कि देव ट्रेन के आगे कूदा था। दूसरी ओर, 14 जनवरी की रात करीब साढ़े दस बजे ये खबर एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर परिजन देख रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गांव के रहने वाले विकास महला ने उस पर कमेंट किए। उसने लिखा कि मैंने मारा है इसे। रेल ने नहीं मारा, मैंने मारा है। हवा ले रहा था ये। वहीं, जीआरपी ने विकास से पूछताछ की तो उसने खुद का फोन हैक होने का हवाला दिया। लेकिन हैरत की बात यह भी है कि उसके हैक फोन से सिर्फ ये कमेंट हुए हैं और किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है। इधर, देव की मौत के केस की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर बलवान ने बताया कि देव की मामले की जांच चल रही है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि यह हादसा है इस बारे में परिजनों को संतुष्टि करवा दी गई है। वहीं, देव की मौत के मामले की हर पहलु से जांच की जा रही है।

### दूसरे की इंश्योरेंस पॉलिसी पर लोन लिया, केस

**पानीपत।** पानीपत के गांव कालखा निवासी राममेहर ने आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस से पॉलिसी ली थी। वहीं, गांव भापरा के इमरान ने धोखाधड़ी करते हुए राममेहर की पॉलिसी में अपना बैंक खाता जोड़ दिया और 1 लाख 14 हजार 705 रुपए का लोन ले लिया। यह राशि पानीपत के सनौली रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। राममेहर को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने इसराना थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बैंक खाते की जांच की और पाया कि उक्त राशि आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के लोन के रूप में जमा हुई थी। जांच में यह भी पता चला है कि इसी गांव के दो अन्य व्यक्ति भी इस धोखाधड़ी में शामिल हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के बैंक खाते को सील कर दिया है और आगे की जांच जारी है।

---



### राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जंबूरी में भाग लेने पर रोडवेज डिपो पिहोवा से वेंकट रमन हुए सम्मानित

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आपने न केवल कुरुक्षेत्र जिले बल्कि पूरे हरियाणा का गौरव बढ़ाया

**पिहोवा।** त्रिची (तमिलनाडु) में आयोजित हीरक जयंती राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जंबूरी में भाग लेकर लौटे कुरुक्षेत्र जिले के दल का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट एवं गाइड, संतोष शर्मा ने दल के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आपने न केवल कुरुक्षेत्र जिले बल्कि पूरे हरियाणा राज्य का गौरव बढ़ाया है। आपका यह साहसिक और अनुशासित प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस सम्मान समारोह में हरियाणा रोडवेज सब डिपो पिहोवा से वेंकट रमन, एसएमबी गीता व. मा. विद्यालय कुरुक्षेत्र के 8 स्काउट एवं स्काउट मास्टर महावीर सिंह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्योंसर के 7 स्काउट एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त देशराज, राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाना से 4 गाइड एवं गाइड कैप्टन रेणुका, जिला संगठन आयुक्त बीरेंद्र तथा राष्ट्रीय मुख्यालय से स्टॉफ में शामिल संदीप आर्य ने भाग लिया। अध्यक्षता गीता स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया ने की, जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मदान ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

### आप अंदर से बेईमान, ऊपर से कट्टर ईमानदार, इनकी सच्चाई लोगों के सामने आ गई : विज

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के 68 उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाने व आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के हारने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टियां और भी हारती हैं लेकिन लोग उन्हें वैसे ही जानते है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने कै मो फ ले गिं ग (छलावरण) कर रखी है। यह अंदर से कट्टर बेईमान थे लेकिन ऊपर से कट्टर ईमानदार बने हुए थे। इनकी पोल सच और झूठ की लड़ाई में खुल गई। उन्होंने कहा यह प्रकृति का नियम है कि झूठ की ही हार होती है। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दिल्ली चुनाव आप के वोट बैंक पर कांग्रेस द्वारा सेंध लगाने तथा इंडी गठबंधन पर सवाल उठने के मामले में मंत्री अनिल विज ने कहा कि इंडी की भिंडी बन गई है। इंडी नाम की कोई चीज नहीं है। जो भी वहां आए सब हार गए। उधर, पंजाब कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा द्वारा पंजाब मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करने कि वो भाजपा में चले जाएंगे पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि यही इंडी मॉडल है। एक पार्टनर दूसरे पार्टनर पर इस प्रकार की टिप्पणियां कर रहा है। अभी विधिवत गठबंधन टूटने की घोषणा तो नहीं हुई लेकिन टिप्पणियां शुरू हो गयी है।



15- 16 फरवरी को मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय पर 48 घंटे का धरना-प्रदर्शन करेंगे

## कर्मचारियों का सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

■ नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व रिटायर कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी के आह्वान पर नीलोखेड़ी ब्लॉक कमेटी ने सरकारी हस्पताल में सभा करने के बाद प्रदर्शन करते हुए स्थानीय विधायक के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की अगुवाई नीलोखेड़ी ब्लॉक के प्रधान तेजपाल, रिटायर कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान हरपाल राणा, सुनील राणा व बाबू राम ने की। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला करनाल सचिव सेवा राम व रिटायर कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बलराज ने कहा कि राज्य मे लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार राज्य में बनी है और कर्मचारियों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा व वादाखिलाफी कर रही है। एसकेएस राज्य की सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुका है,लेकिन सरकार बातचीत से समाधान करना नही चहती ओर इससे कर्मचारियों मे लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। आंदोलन को तेज करते हुए सभी 90 विधायको को ज्ञापन देकर 15-16 फरवरी को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमन्त्री के कैप कार्यालय पर 48 घन्टे का धरना-प्रदर्शन करगे। मुख्य मांगों बारे बोलते हुए बताया कि केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में अलग से वेतन अयोग का गठन करना जब तक अयोग लागू नहीं किया जाता सभी कर्मचारियों को बढ़ती हुई महंगाई की एवज में 5 हजार रुपये अंतरिम रहात के रूप मे देना , आठवे वेतन आयोग से पहले 7वे वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन बहाल करना व एक्सग्रेसिया पॉलिसी से शर्त हटाना, बढ़ते हुए महंगाई भत्ते के अनुसार आवास भत्ते में बढ़ोतरी करने आदि शामिल हैं।



---

## दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर 5 लाख रुपये चोरी

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के व्यासपुर में चोरों ने दिनदहाड़े सूने घर का ताला तोड़कर बॉक्स में रखे पांच लाख रुपये चोरी कर लिए। मकान मालिक जब घर पहुंचा तो उसे सामान बिखरा मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बजाज फाइनेंस वाली गली बिलासपुर निवासी जावेद अहमद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कस्बा बिलासपुर में किराए के मकान में रहता है। वह अपना कारोबार करता है। आठ फरवरी को सुबह 10 बजे वह अपने घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर चला गया था।



शाम चार बजे जब वह घर लौटा तो कमरे का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर कमरे में रखे बॉक्स से पांच लाख रुपए गायब मिले। यह देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने तुरंत मामले की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घटना की सूचना बिलासपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंची और जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कहासुनी होने पर मारपीट कर व्यक्ति को किया घायल

**यमुनानगर।** गांव खेड़ा ब्राह्मण में परिवार के तीन सदस्यों ने मिलकर गांव के ही सौरभ कुमार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। खेड़ा ब्राह्मण निवासी सौरभ कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सात फरवरी को शाम पांच बजे किसी काम से गांव में जा रहा था। इस दौरान उसकी गांव के ही कुलदीप के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर आरोपी कुलदीप ने अपनी पत्नी स्नेह लता तथा लड़के प्रतिभा के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

## ऐप के जरिए नकली मैसेज भेजकर धोखाधड़ी करने के तीन आरोपी धरे

■ 7 फरवरी को थाना शहर थानेसर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने ऐप के जरिये नकली मैसेज भेजकर दुकानदार से धोखाधड़ी करने के अन्तर्राज्यीय गिरौह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्ग निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने एप्प के जरिये नकली मैसेज भेजकर दुकानदार से धोखाधड़ी करने के आरोपी जोरावर उर्फ जोरा वासी सीवन जिला कैथल, अंकुश वासी पीडल जिला कैथल व शेखर बाबा वासी सीवन जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 फरवरी को थाना शहर थानेसर पुलिस को दी अपनी शिकायत में सुरेश कुमार वासी वशिष्ट कालोनी कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी अग्रसेन चौंक मोहन नगर के पास सिंगला गिफ्ट एंड जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। दिनांक 6 फरवरी को समय करीब 7.30 बजे सुबह उसकी दुकान पर दो आदमी आए। उन्होंने उससे 5/5 हजार रुपये के तीन हार, 20 हजार रुपये नकद लिए। उन्होंने कहा कि 35 हजार और 800 रुपये हार बनवाने के कुल 35 हजार 800 रुपए आनलाइन कर देते है। फिर उसके मोबाईल पर 35 हजार 800 रुपए का टेक्स्ट मैसिज आया और उन्होंने भी अपने फोन से पैसे भेजने बारे मैसिज दिखाया और चले गए। बाद में उसने दोबारा चैक किया तो मैसैज फरोड थे। दिनांक 7 फरवरी तक भी उसके अकाउंट में पैसे नही आये। जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक बलबीर सिंह द्वारा की गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 द्वारा की गई। टीम ने धोखाधड़ी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

ई रवाना नहीं दिखा सके आरोपी वाहन चालक

## प्रवर्तन ब्यूरो की टीम ने अवैध खनन करते 3 ट्रैक्टर-ट्रालियों को किया काबू

■ विभाग की टीम ने तीनों वाहनों को सीज कर वाहन मालिकों पर किया 6 .48 लाख रुपये का जुमार्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रवर्तन ब्यूरो की टीम ने प्रताप नगर थाना क्षेत्र के गांव कलेसर के नजदीक यमुना नदी में अवैध खनन करते तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा है। प्रवर्तन ब्यूरो की टीम ने जब आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालकों को ई रवाना दिखाने के लिए कहा तो आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक ई रवाना नहीं दिखा पाए। इसके बाद विभाग की टीम ने तीनों ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर उन पर 6.48 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है।

जानकारी के अनुसार प्रवर्तन ब्यूरो के इंस्पेक्टर श्याम सुंदर ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि कलेसर के आसपास यमुना नदी में कुछ ट्रैक्टर ट्रालियां अवैध खनन कर रही हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां पर जांच की। जांच के दौरान उन्हें तीन ट्रैक्टर ट्रालियां यमुना नदी में अवैध खनन करते हुए मिली। ट्रैक्टर ट्रालियों में बोल्डर भरा हुआ था। जब उन्होंने आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालकों को ई रवाना दिखाने के लिए कहा तो आरोपी ई रवाना नहीं दिखा पाए। इसके बाद तीनों ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि तीनों ट्रैक्टर ट्राली मालिकों पर 6.48 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। यमुना नदी व आसपास अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### केयू में परीक्षा पे चर्चा का होगा सीधा प्रसारण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार केयू सीनेट हॉल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि केयू सीनेट हॉल सहित छात्रावासों में भी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा जिससे परीक्षार्थी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम द्वारा छात्र, शिक्षक एवं अभिभावकों को परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने की नई दिशा प्राप्त होगी। केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। 10 फरवरी 2025 को केयू सीनेट हॉल में सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर सीधा प्रसारण होगा।

### शक्तिपीठ परिक्रमा महोत्सव में गूंजा जयघोष

**कुरुक्षेत्र।** गुजरात सरकार द्वारा माँ अंबाजी शक्तिपीठ में आयोजित शक्तिपीठ परिक्रमा महोत्सव में माँ भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र की ओर से पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सुपुत्र देवांशु शर्मा ने प्रतिनिधित्व किया। इस पावन अवसर पर अंबाजी शक्तिपीठ के प्रशासक एवं अतिरिक्त जिलाधिकारी कौशिक मोदी, श्री अरासुरी अंबाजी माता देवस्थान ट्रस्ट एवं गुजरात पवित्र तीर्थ यात्रा विकास बोर्ड के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र शक्तिपीठ को मंच पर स्थान दिया गया, जहाँ देवांशु शर्मा ने पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा का शुभ सन्देश पढ़ा। मंच से सभी शक्तिपीठों का जयघोष किया गया। मंदिर परिसर में 2200 किलो पंचधातु से निर्मित श्री यंत्र की कंकू पूजा विधिपूर्वक की गई। इस शुभ अनुष्ठान के पश्चात कंजक श्लोका पंडित द्वारा ध्वज पूजन हुआ, जिसे ढोल-नगाड़ों के साथ मंदिर के स्वर्णिम शिखर पर स्थापित किया गया।

## रक्तदान सबसे बड़ा परमार्थ ; स्वामी प्रेम मूर्ति

# 300 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

- संयोजक कपिल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




एंटीकरप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया, जेसीआई करनाल गोल्ड, करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन, मानव सेवा संघ एवं जिला रैडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मानव सेवा संघ करनाल में किया गया।

शिविर के लिए लगभग 330 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 301 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कल्पना चावला मैडिकल कॉलेज एव सरकारी अस्पताल करनाल की ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त एकत्रित किया। मानव सेवा संघ के संचालक श्री प्रेम मुर्ति ने सभी उपस्थित व्यक्तियों को अपना स्नेह भरा आर्शीवाद दिया और भविष्य में भी रक्तदान करते रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाऊंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से कई बिमारियों से छुटकारा मिलता है और शरीर में कोई कमजोरी नही आती। जेसीआई करनाल गोल्ड के प्रधान जेसी प्रमोद बंसल ने बताया कि रक्तदान से बढक़र कोई दान नहीं है इससे ही किसी को जीवनदान दिया जा सकता है यह कहीं किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। जेसीआई करनाल गोल्ड के सचिव जेसी अजित बंसल ने शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडक़ा एवं लडक़ी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। मंच का संचालन के पी अग्रवाल ने किया। शिविर में सुरेंद्र गाबा एवं विनोद मंगला ने अपनी मधुर आवाज में देश भक्ति व अन्य गीतों द्वारा उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

### इन्होंने कमाया पुण्य

रक्तदान शिविर के आयोजन में मुख्य रूप से अजय विक्रम, जेसी अजित बंसल, जेसी कपिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी जेसी अनिश गुप्ता, जेसी तरूण गुप्ता, जेसी मुकेश बंसल, जेसी डॉ राजीव पंवार, जेसी अरविंद वैद, जेसी विश्वास भुटानी, जेसी विकेश ढींगड़ा, पवन शर्मा, अजित राही, आशीष मलिक, सावी चौधरी, पवन बंसल, रूपा, रमा तिवारी, राजीव गोयल, प्रियंका गोयल, किरण चड्ढा, अजय चड्ढा, राज आर्य, अवतार सिंह तारी, प्रदीप त्यागी, अनिल मदान, कमलजीत मोतिया, हर्ष वर्मा, राजीव वधवा, कुलबीर मलिक रैडक्रास सचिव, प्रदीप नंढ़ा, प्रवीन सिंगला, सुरेन्द्र चौहान, संजीव बजाज, उमेश वधवा, दीपक खुल्लर, इन्द्रजीत, मोनू, सुरेश अत्रेजा, रोहित वर्मा, दिलबाग सिंह आदि का सहयोग रहा।

# कांग्रेस अपने सिंबल पर लड़ेगी नगर निकाय चुनाव : प्रफुल्ला गुडधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रविवार को करनाल पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और हरियाणा कांग्रेस के सह प्रभारी प्रफुल्ला गुडधे ने कहा कि प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव कांग्रेस पार्टी अपने सिंबल पर लड़ेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगमों में मेयर और पार्षद के चुनाव कांग्रेस सिंबल पर लड़े जाएंगे। नगरपालिकाओं के पार्षद व प्रधान उम्मीदवारों को कांग्रेस समर्थन देगी।

प्रफुल्ला गुडधे माल रोड स्थित पूर्व लोकसभा उम्मीदवार बुद्धिराजा जी के कार्यालय में नगर निकाय चुनाव के लिए बनाई समन्वय समिति के सदस्यों के साथ बैठक करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में उन्हीं कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाने का प्रयास किया जाएगा, जो पार्टी को समर्पित होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं तथा जिताऊ उम्मीदवार हैं। सह प्रभारी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र जल्द जारी किया जाएगा। इस मौके पर हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि बीते 10 वर्षों में हरियाणा में प्रोपर्टी आईडी और फेमिली आईडी के नाम पर भाजपा ने जनता को तंग करने का काम किया। जो आईडी बनाई गई वह सही नहीं बनी और इसको ठीक करवाने के लिए लोग सरकारी अधिकारों के चक्कर काटते रहे।

ये डाक्यूमेंट पूरे न होने के कारण हरियाणा की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।



### दो दिन कर सकेंगे आवेदन

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रफुल्ला गुडधे ने बताया कि कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवार 10 और 11 फरवरी को आवेदन कर सकेंगे। वह अपने आवेदन मानव सेवा संघ में दोपहर 12 से 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं। समन्वय समिति के संयोजक और सदस्य आवेदन लेने के लिए मानव सेवा संघ में मौजूद रहेंगे।

## वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक

# करनाल में बनेगा महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल द्वारा ट्रस्ट की आम बैठक का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन,सेक्टर 8 करनाल में किया गया,जिसमें 50 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का आरम्भ महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर पुषांजली अर्पित कर व दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया।

तदुपरांत सचिव डॉ पी के जैन ने सभी आगन्तुकगण का स्वागत कर गत जुलाई 2024 में आयोजित आम बैठक की कार्यवाही व आज की बैठक का ऐजेंडा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात ट्रस्ट के प्रधान व लिबर्टी ग्रुप के एम डी शम्मी बंसल ने महाराजा अग्रसेन भवन के निर्माण की प्रारम्भ से वर्तमान तक की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया तथा सदस्यों से भवन निर्माण के शेष कार्य की शीघ्र पूर्ति हेतु आवश्यक अंशदान का आग्रह किया,हालांकि अब तक उपलब्ध हाल व कमरों आदि की आमजन हेतु बुकिंग निरन्तर की जा रही है। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिया गया कि महाराजा अग्रसेन भवन के सफल निर्माण के उपरांत ट्रस्ट को करनाल में उपयुक्त स्थान पर महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हस्पताल का आमजन के कल्याण हेतु निर्माण कराना चाहिए जिसमें जटिल रोगों जैसे डायलिसिस, ट्रामा, आंकोलोजी(केंसर) व अन्य के परिक्षण व उपचार हेतु साधन व उपकरण उपलब्ध हों व समस्त सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

# शहर को समस्याओं से मिलेगी मुक्ति, मैं हर समस्या से वाकिफ: जगमोहन आनंद

- करनाल क्लब में हुई सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की बैठक करनाल क्लब में हुई। बैठक में करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सीजीसी चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सीजीसी की ओर से विधायक के समक्ष खस्ताहाल सडक़ों, अनियंत्रित ट्रेफिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शौचालयों की बदत्तर व्यवस्था व नशे का कारोबार बढने के मामले उठाए गए। इन मामलों में संबेधित एक ज्ञापन भी विधायक को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वह सारा दिन शहर में रहते हैं। लगभग सभी समस्याओं से परिचित हूं। वह जनता की समस्याओं को हल करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कोई भी शिकायत मिलने पर तुरंत अधिकारियों से कार्यवाही करने के लिए कहा जाता है। इन समस्याओं और शिकायतों की संबंधित प्रतियां केंद्रीय मनोहरलाल को भी भेजी जाती है ताकि एक-एक समस्या का हल हो सके। उन्होंने कहा कि सीजीसी जनहित में अच्छे काम कर रही है। कमेटी जो सुझाव देगी उस पर भी अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के बीचोंबीच पुल का निर्माण किया जा रहा है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सीजीसी चेयरपर्सन अंजु शर्मा, संरक्षक प्रमोद गुप्ता, वाइस चेयरमैन ओपी सचदेवा, प्रो. एस.एस. बरगोटा, डीएन अरोड़ा, निरूपमा सदर, केएल विरमानी, महिंद्र कादियान, एपीएस चोपड़ा, संदीप लाठर, एसएम कुमार, सलाहकार डा. करूणा अरोड़ा, कानूनी सलाहकार गुरमीत सिंह, उपभोक्ता संरक्षण एवं आरटीआई उप समिति के सलाहकार बी.बी. पाहवा, सचिव पारस अरोड़ा, शिक्षा सुधार उप समिति के सलाहकार सुरेंद्रा सिंह, सचिव आरके गौड़, दूरभाष एवं बिजली उप समिति के प्रधान के.के. शर्मा, सचिव कुंदनलाल, कानून व्यवस्था उप समिति की सलाहकार संतोष अत्रेजा, प्रधान विपिन शर्मा, सडक़ सुरक्षा एवं नगर स्वच्छता उप समिति के सलाहकार वीर विक्रम कुमार, प्रधान परमिंद्र पाल सिंह, महिला एवं बाल कल्याण उप समिति की सलाहकार डा. सरिता ठाकुर, प्रधान संतोष बक्शी, सचिव प्रतिभा बंसल, डा. एसके शर्मा, सुजाता गुप्ता, संतोष मल्होत्रा, भीमसेन नागरू, मनोहर कृष्ण डुडेजा, अशोक मेहता, प्रेम सेठी, प्रियंका कठपाल, प्रदीप चीमा, केबी मल्होत्रा, भूषण चोपड़ा, संदीप कपूर, रामलाल अग्रवाल, लेखराज गर्ग, एसडी शर्मा, सुरेश खन्ना, अश्वनी गुप्ता व कोर्डिनेटर रजनीश चोपड़ा मौजूद रहे।

# श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल का वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया

## बालटाल में लगेगा बड़ा भंडारा, कम्युनिटी हॉल में होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा




घरौंडा की नई अनाज मंडी स्थित कम्युनिटी हॉल में शनिवार को श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल घरौंडा द्वारा वार्षिक भंडारा समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सतीश गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जबकि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के ओएसडी कविंद्र राणा और समाजसेवी सुभाष खुराना ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत शिव गुणगान से हुई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत और सहयोगी संस्थाओं का परिचय करवाया गया।

### लगेगा दूसरा बड़ा भंडारा

मुख्य अतिथि सतीश गोयल ने बताया कि इस साल भी अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल (दोमेल) में एक विशाल भंडारा लगाया जाएगा, जो यात्रा की शुरुआत से 9 अगस्त तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल हर साल इस सेवा कार्य में योगदान देता आया है और आगे भी पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने इसे पुण्य का कार्य बताते हुए कहा कि हर साल हजारों श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए जाते हैं, और ऐसे में भंडारे का आयोजन यात्रियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### देशभर से पहुंचे सेवा मंडल के सदस्य

कार्यक्रम में श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल की विभिन्न शाखाओं के सदस्य भी शामिल हुए।जिसमे भाजपा से जम्मू कश्मीर स्टेट सचिव राविया रसूल, मंत्री गुड्डू जी व अन्य अलीगढ़, अलवर, दिल्ली, रोहतक, पानीपत, करनाल, बड़ौता और बराना से आए प्रतिनिधियों ने वार्षिक समारोह में भाग लिया और सेवा कार्यों में सहयोग का संकल्प लिया।

# मित्तल एग्रो इपैक्स के मालिक फकीर चंद मित्तल को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

लक्ष्मी इंडस्ट्रीज एवं मित्तल एग्रो इपैक्स के सी.एम.डी. संजीव मित्तल के पिता फकीर चंद मित्तल प्रभु चरणों में लीन हो गये थे। उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी के लिये शोक सभा रविवार को श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर सैक्टर-7 करनाल में आयोजित की गई। जिसमे शहर के गणमान्य लोगों व नेताओं ने पहुंचकर लाला फकीर चंद मित्तल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके इलावा तरावड़ी के राईस एक्सपोर्टर व गैलेक्सी बासमती चावल के निर्माता विनोद गोयल, डबल चाबी चावल के निर्माता बृजभूषण गोयल, पंकज गोयल, प्रवीण गर्ग, अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राजीव नारंग, सहित तरावड़ी के राईस मिल्ज ने पहुंच कर परिवार को सवंदेना प्रकट की।

इसके इलावा उनके निधन पर करनाल के विधायक जगमोहन आनन्द, भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, पूर्व विधायक धर्मपाल गोंदर, नपा चेयरमैन विरेंद्र बंसल, अमित जैन, द तरावड़ी राईस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन, पंजाबी सभा तरावड़ी के प्रधान राजीव नारंग, तरावड़ी पत्रकार एकता मंच, हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल, तरावड़ी अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन, श्री सनातन धर्म सभा, शिव शक्ति संकीर्तन मंडल, श्री सनातन धर्म सभा, शिव शक्ति संकीर्तन मंडल, भारत विकास परिषद, व्यापार मंडल तरावड़ी, व्यापारी एकता मंच, भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला के अलावा कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।





तरावड़ी। फकीर चंद मित्तल की शोक सभा मे उपस्थित शहर के राईस एक्सपोर्टर व गणमान्य।




# जगजीत सिंह को उनकी जयंती पर गीतों से अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय संगीतकार,गायक एवं संगीतज्ञ जगजीत सिंह जिनका जन्म 8 फरवरी 1941 को हुआ था उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनकी याद में चाहत कराओके एकेडमी द्वारा करनाल कल्ब में एक गीतों व संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उनको गीतों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के आयोजक विनोद कुमार वर्मा एवं चाहत कराओके ग्रुप टीम की मैनेजर किरण चड्ढा ने बताया कि कार्यक्रम में गायक जगजीत सिंह को गीतों द्वारा श्रद्धांजलि देने के लिए पूरे प्रदेश से नामचीन गायकों ने कार्यक्रम में आकर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मंच संचालन चंद कश्यप, श्रवण बठला और सुमित मिगलानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रंजना भसीन,ध्यान उर्जा, कविता राजपूत, रवि बालाजी नरेंद्र वर्मा,अवतार सिंह तारी,नीरु, संजीव कुमार, के पी अग्रवाल, एल एन कुमार, ओम प्रकाश धीमान यमुनानगर, सोनिया पांचाल पंचकुला,प्रदीप वर्मा बरवाला,सुशील अरोड़ा ने गीत गाकर जगजीत सिंह को याद किया। कार्यक्रम में विनोद वर्मा ने तौबा ये मतवाली चाल गीत गा कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, किरण चड्ढा ने बहुत प्यार करते हैं तुमको सनम,अवतार सिंह तारीख ने रफ्ता रफ्ता देखो आंख मेरी लडी है गीत की अपनी प्रस्तुति दी।

# डबल इंजन की सरकार तेज गति से करेगी विकास कार्य : योगेंद्र राणा

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर दी बधाई




- असंध हल्के के लंबित विकास कार्य जल्द होंगे पूरे।
- दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

असंध विधानसभा से विधायक योगेंद्र राणा ने रविवार हल्के के गांव बबंरहेडी मे आयोजित अभिनंदन समारोह में ग्रामवासियों द्वारा विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद के लिए आभार जताया। इस अवसर पर सभी ग्राम वासियों ने विधायक योगेंद्र राणा का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक योगेंद्र राणा ने सभी उपस्थितिजनों का लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को दिए अपार समर्थन, सम्मान और आशीर्वाद देने के लिए भी आभार प्रकट किया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक गांव बंबरेहड़ी के सरपंच प्रतिनिधि अजय कुमार, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, मुनक ब्लॉक समिति चेयरमैन जितेंद्र संधू, चिडाव ब्लॉक समिति चेयरमैन सतीश दादूपुर, बल्ला मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित राणा, गुरदीप बिजना, राजेश आर्य, गांव बाल सरपंच सुरजीत, गांव गंगा टेहड़ी सरपंच कुलदीप, बिट्टू भगत पंच, गांव शाहपुर सरपंच चंद्रभान, गांव ललैन सरपंच प्रतिनिधि ओम प्रकाश, ऋतिक हथलाना, जोगेंद्र पंचाल, सुभाष प्रधान, सुरेंद्र नंबरदार, रिंकू लाठर पंच, सुनील सरपंच कतलाहेड़ी सहित अन्य भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### किरायेदार के घर से जेवर व नगदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में ओमकार मूल निवासी बरेली, हाल निवासी हुडा सेक्टर छह में किरायेदार के घर से करीब 45 हजार रुपये कैश व 400 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी हो गया। वहीं घटना के समय ओमकार, अपने घर बरेली गया हुआ था। इधर, पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोजगार को बैंकों से दे रहे है ऋण

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि यह ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई.रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### राजकीय स्कूल में गणित मेला

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सांइस व गणित मेले का आयोजन किया गया। जिसकी आयोजन अध्यापिका अमिता, डा.प्रीति व दीपिका द्वारा कराया गया। मुख्य अध्यापिका संतोष खटक ने मेले का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने विज्ञान व गणित से संबंधित प्रदर्शनी लगाई। जज की भूमिका एबीआरसी मोनिका ने निभाई।

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**पानीपत।** पानीपत के रेडक्रास के ब्लड बैंक में रक्त की कमी के चलते 11 फरवरी मंगलवार को जन आवाज सोसाइटी द्वारा रेड क्रॉस ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी सोसाइटी के प्रधान जोगिंदर स्वामी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में देते हुए कहा कि कोविड के समय जब सब कुछ लॉकडाउन किया हुआ था उस समय हमारी सोसाइटी के साथियों एक बहुत बड़ी चैलेंज को स्वीकार करते हुए पूरे एक साल तक प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया था।

### गौरव छोक्करा ने जताई उम्मीदवारी

**पानीपत।** भाजपा के युवा नेता गौरव छौक्करा ने श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा को साथ लेकर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के प्रतिनिधि हरपाल ढांडा से मुलाकात की और नगर निगम के वार्ड एक से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। इस अवसर पर भूषण मदान, हरबंस आनंद, अमर मिगलानी, पूर्ण पुनानी, राम स्वरूप चावला, तिलक छौक्करा, राजन छौक्करा, नरेश आनंद आदि मौजूद रहे।

### सोमनाथ धाम आश्रम में नारी शक्ति अभ्युदय सम्मान समारोह का आयोजन

# नारी इस संसार में भगवान की बनाई सबसे सुंदर कृति : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव निंबरी स्थित सोमनाथ धाम आश्रम में नारी शक्ति अभ्युदय सम्मान समारोह एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के प्रतिनिधि हरपाल ढांडा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की संयोजक नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्य रही। हरपाल ढांडा ने कहा कि नारी जगत जननी है। नारी शक्ति के बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता। नारी इस संसार में भगवान की बनाई सबसे सुंदर कृति है। सविता आर्य ने बताया कि सुधांशु एवं अर्चिका दीदी के आशीर्वाद से गुरुमाता के जन्मोत्सव पर नारी शक्ति अभ्युदय सम्मान समारोह एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें अलग अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। वहीं महिला थाना प्रभारी रेखा ने महिलाओं को साइबर क्राइम को लेकर जागरूक किया और सुझाव दिए। निधि गुप्ता ने कानूनी तौर पर बच्चे गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। विनीता अरोड़ा ने भी अपने विचार रखे। डॉ.अंजू मलिक ने भी महिलाओं को जागृत किया। विश्व जागृति मिशन के प्रधान डॉ.जगजीत आहूजा ने कहा कि आज की नारी किसी से कम नहीं है जरूरत है अपने आप को पहचाने की। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन नीता रानी ने किया। इस मौके पर आरएन रावल, पुरुषोत्तम शर्मा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, एकांता, शशि अग्रवाल व मंजू रावल आदि मौजूद रहे।



पानीपत। उत्कृष्ट सेवा करने वाली नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए हरपाल ढांडा व सविता आर्य। फोटो :हरिभूमि

**ये महिलाएं सम्मानित**

डा.पुष्पा आहूजा आहूजा हॉस्पिटल, अवनीत कौर पूर्व मेयर, डॉ.अंजू आर्य कालेज, इंस्पेक्टर रेखा महिला थाना प्रभारी, निधि गुप्ता डीसीपीओ सरोज कुमारी लोकपाल, विनीता अरोड़ा वकील, मधु शास्त्री, शकुंतला सरपंच, रेखा छिक्कारा, सुरिंदर कौर, सुशीला, कृष्णा गौसेवा, भावना व नीता रानी शामिल हैं।



पानीपत। रिटायर कर्मचारी संघ के सदस्य ज्ञापन दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि

# रिटायर कर्मचारी संघ ने पंचायत मंत्री ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रिटायर कर्मचारी संघ ब्लॉक मतलौडा की मीटिंग ब्लॉक प्रधान जय भगवान की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन ब्लॉक प्रधान इसराना सीताराम ने किया। बैठक में जिला प्रधान शीशपाल मलिक व उप प्रधान सुरेंद्र जागलान ने बताया कि 1 फरवरी से 15 फरवरी तक विशेष सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश के सभी विधायक व मंत्रियों को मांग पत्र दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार को मांग पत्र दिया गया। राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह नांदल व राज्य के संयुक्त सचिव प्रीतम रावल ने कहा कि रिटायर कर्मचारी अपनी 12 सूत्री मांग लेकर लंबे समय से आंदोलन पर है। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उप प्रधान ईश्वर शर्मा, राम भरत शर्मा, रामकुमार शर्मा, शिवचंद, दिलावर सिंह, अजमेर सिंह, पालेराम, रणवीर सिंह, राजेंद्र, ओम प्रकाश, महावीर, राजेंद्र, सुरेश, रामनिवास आदि लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांगों की मदद को आगे आएं सामर्थ नागरिक : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

समाज सेवा संगठन की जनरल बाडी की मीटिंग रविवार को संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन की अध्यक्षता में अग्रवाल मंडी कार्यालय पर संपन्न हुई। वहीं जैन जैन ने बताया मीटिंग में आज तक का जमा खर्च का ब्यौरा कोषाध्यक्ष कैलाश जैन व सहकोषध्यक्ष अमित जैन ने रखा। प्रवीण जैन ने बताया हर बार की तरह 23 फरवरी को संगठन कार्यालय अग्रवाल मंडी पर दिव्यांग भाइयों को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की जाएगी व समाज सेवा संगठन के सचिव गंगा गुप्ता का 27 जनवरी का आकस्मिक निधन हो जाने से सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, जैन ने कहा कि गंगा गुप्ता, संगठन के कर्मठ कार्यकर्ता थे। संगठन को हमेशा गंगा जी की कमी खलती रहेगी। उन्होंने कहा जिस किसी भी दिव्यांग साथी को हाथ रिक्शा की जरूरत है वह संगठन से सम्पर्क करें। वहीं 26 फरवरी महाशिवरात्री पर्व पर जीटी रोड पर विशाल भंडारा लगाया जाएग। इस अवसर पर पर गुलशन कटारिया, कैलाश जैन, अमित जैन, नीरज जैन, सुभाष गोस्वामी, मनोज गांधी, अंकित माटा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



पानीपत। समाज सेवा संगठन की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# प्रयागराज संगम में स्नान के साथ पालकी शोभायात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री कैलाशी सेवा समिति फांऊडेशन के सदस्यों द्वारा माघ मास एकादशी पर बाबा महाकाल जी संग प्रयागराज संगम में महाकुंभ स्नान कर महाशिवरात्रि उत्सव पर निकलने वाली पालकी शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। फांऊडेशन के सदस्यों ने महाकुंभ में स्नान के उपरांत जगन्नाथ धाम हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास जी को महामंडलेश्वर के पद पर सुशोभित होने पर पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया एवं उन्हें महाशिवरात्रि उत्सव के लिए निमंत्रण दिया। स्वामी जी ने पानीपत पधारने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्री राम अनुकंपा सेवा समिति के प्रमुख स्वामी गोपाल दास जी कैलाशी को शाल और निमंत्रण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्वामी जी द्वारा प्रधान अशोक कैलाशी, महंत अजय पुरी, माधव भट्ट व परशुराम मंदिर के प्रमुख महंत जी को शाल और स्मृति चिन्ह देकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उत्तरकाशी से अजय पुरी,उत्तरकाशी विश्वनाथ मंदिर से महंत, गंगोत्री से माधव भट्ट, अयोध्या से कैलाशी अभिनव पांडे, पानीपत से नरेश गंगवानी, कुलदीप गोयल, सतीश सैनी, आशीष गुप्ता, संजय धीमान आदि मौजूद रहे।




पानीपत। बाबा महाकाल की शोभायात्रा का शुभारंभ करते श्री कैलाशी सेवा समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। आईबी कालेज में सूर्यनमस्कार करते हुए विद्यार्थी । फोटो :हरिभूमि

## शरीर को निरोगी बनाता है सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक होने वाले हर घर सूर्य नमस्कार अभियान मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत योगसत्र का आयोजन कर विद्यार्थियों को सूर्यनमस्कार सिखाया गया। आयोजन महाविद्यालय की विवेकानंद युवा इकाई के संयोजक डॉ.गुरनाम सिंह के निर्देशन में किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि यह मानसिक शांति व आत्म अनुशासन भी सिखाता है। डॉ.गुरनाम सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को योग की महत्ता समझने और इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.अंजलि ने विशेष योगदान दिया। जबकि डॉ.नीतू भाटिया भी उपस्थित रही।

# स्काई किंग्स इलेवन ने गढ़ी केसरी टीम को 79 रनों से हराया

- प्रतियोगिता का उद्घाटन पानीपत बार एशोसिएशन के सह सचिव दिनेश रोहिला ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान गांव काकोदा में रविवार को आठवें कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के पहले मैच में स्काई किंग्स इलेवन ने गढ़ी केसरी टीम को 79 रन से हराया, टॉस जीतकर पहले खेलते हुए स्काई किंग्स इलेवन ने विरेंद्र के 50 रनों की मदद से 20 ओवर में 7 विकेट पर 159 रन बनाये जिसके जवाब में गढ़ी केसरी की टीम 14 ओवर में 80 रन ही बना सकी, 32 रन व 2 विकेट लेने वाले हार्दिक कौशिक मैन ऑफ द मैच चुने गए, दूसरे मैच में गन्नोर रॉयल्स क्रिकेट टीम ने पहले खेलते हुए लक्ष्य खोखर के 74 रन की सहायता से 175 रन बनाए , जवाब में परफेक्ट इलेवन ने परविंदर पांचाल के 60 रन की सहायता से 16.4ओवर में 176 बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया, 33 गेंद में 60 रन बनाने वाले परविंदर मैन ऑफ द मैच बने, प्रतियोगिता का उद्घाटन पानीपत बार एशोसिएशन के सह सचिव दिनेश रोहिला ने वकील ने किया, आयोजन समिति ने दिनेश रोहिला को स्मृति चिन्ह भेंट किया,इस अवसर राजकपूर पहलवान, सोनू गोयल, दीपक मलिक, अमित खोखर,सुमित खोखर, जयबीर खोखर आदि मौजूद रहे।



पानीपत। डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान में अतिथि को स्मृति चिंह भेंट करते हुए दीपक मलिक। फोटो :हरिभूमि

### रेलवे ब्रिज नवंबर सन 2021 को पूरा होना था, अभी तक नहीं हुआ

**समालखा।** समालखा कस्बे में मनाना बीएड कॉलेज रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण टेंडर की समय सीमा समाप्त होने के तीन साल बाद भी बनकर तैयार ने नहीं हुआ है। इस संदर्भ में पीडब्ल्यूडी ने ठेकादार को किसी तरह का नोटिस नहीं दिया और न ही अन्य कोई संबंधित कार्रवाई की गई। वहीं, आरटीआई से इस बारे में न जानकारी मिलने के बाद एडवोकेट जोगिन्द्रपाल सिंह राठी ने समाधान शिविर में जिला उपायुक्त को इसकी शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। अब पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने अपना लिखित तौर पर जबाव दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि आरओबी का निर्माण कार्य अप्रैल 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। सर्विस रोड का कार्य जमीन अधिग्रहण के बाद पूरा किया जाएगा।



पानीपत। चुलकाना धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को रवाना करते हुए अथितिगण। फोटो :हरिभूमि

# श्री श्याम बाबा के दर्शनों को बस रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। श्री बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा रविवार को प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए श्री बाबा श्याम के दर्शन हेतू चुलकाना धाम के लिए बस रवाना की गई। मुख्य अतिथि पूजा गोयल ने नारियल तोडक़र व श्री श्याम ध्वजा दिखाकर बस को रवाना किया। समिति के प्रधान पवन कंसल ने कहा कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चांदन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क श्री श्याम बाबा के दर्शन कराती है। जिसमें संस्था द्वारा आना-जाना खाना निःशुल्क दिया जाता है। इस अवसर पर संस्था के मीडिया प्रभारी हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर,राजिंद्र पाल, दिनेश मितल, संस्था के वकील ललित मितल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### निगम चुनाव में भाजपा की जीत तय

**पानीपत।** भाजपा नेता बिंदर जांगड़ा ने रविवार को अपने वार्ड 13 स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा की दिल्ली में ऐतिहासिक जीत पर अपने कार्यकताओं को मिठाई बांटकर खुशियां मनाई और दावा किया कि नगर निगम के चुनाव में भाजपा की जीत तय है।

### कई गांवों के लोगों को हो रही परेशानी

**पानीपत।** उक्त फाटक पर काम शुरू होने के बाद से आवाजाही बंद है। इसके कारण लोगों को समालखा का लम्बा चक्कर काटकर आना पड़ता है। जिससे समय की बर्बादी तो होती है साथ ही आर्थिक बोझ भी पड़ता है। गांव मनाना, नारायणा, ढोड़पुर, वजीरपुर सहित कई गांवों के ग्रामीणों को जिन्हें पानीपत जाना है उन्हें पहले समालखा आना पड़ता है।

**धर्मकर्म** शोभायात्रा में भगवान शिव के दिव्य संदेशों से सजे हुए वाहनों की भव्य साज-सज्जा की

# ब्रह्माकुमारीज ने भगवान शिव की शोभायात्रा निकाली श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया

- यह यात्रा कटारिया लैंड से आरंभ हुई और शहर की विभिन्न गलियों एवं सड़कों से होते हुए सेक्टर 12 स्थित ओम शांति भवन पर संपन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेला के उपलक्ष्य में रविवार को शिव शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा कटारिया लैंड से आरंभ हुई और शहर की विभिन्न गलियों एवं सड़कों से होते हुए सेक्टर 12 स्थित ओम शांति भवन पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का मार्गदर्शन ब्रह्माकुमारीज की वरिष्ठ राजयोगिनी बीके सुनीता ने किया। जिनके साथ मुख्य सहयोगी के रूप में बीके ज्योति, बीके विनोद, बीके चरणजीत, बीके अनिता, बीके सारिका और बीके मीनू भी मौजूद रहे। यात्रा में स्थानीय सेवा केंद्रों के भाई-बहन एवं गांवों से आए सैकड़ों की संख्या में ब्रह्मा कुमार एवं ब्रह्मा कुमारियां उत्साह के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान शिव के दिव्य संदेशों से सजे हुए वाहन, बैनर और भव्य साज-सज्जा की गई थी। पूरे शहर में सर्व पर्वों में पर्व महान शिव जयंती है सर्व महान जैसे गूंजते जयघोषों से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान विभिन्न चौराहों, प्रमुख मार्गों और गलियों में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। बीके सुनीता ने कहा कि भगवान शिव स्वयं इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं और अब सच्चा ज्ञान एवं राजयोग की शिक्षा देकर नए सतयुगी संसार की स्थापना कर रहे हैं।

बीके ओमप्रकाश ने बताया कि इस शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज को आध्यात्मिक रूप से जागरूक करना और सच्ची ईश्वरीय पहचान कराना है। आगामी 13 से 19 फरवरीतक द्वादश ज्योतिर्लिंग आध्यात्मिक मेला दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। जिसमें 16 फरवरी आध्यात्मिक महासम्मेलन प्रमुख वक्ताओं के साथ। वहीं 17 से 19 फरवरी तक त्रिदिवसीय निःशुल्क तनाव मुक्त जीवन राजयोग शिविर लगेगा।



पानीपत। भगवान शिव की शोभायात्रा निकालते हुए ब्रह्माकुमारीज। फोटो :हरिभूमि

खबर संक्षेप



अंबाला। गांव बोह में नगर कीर्तन निकालते हुए श्रद्धालुगण।

## गांव बोह में निकाला गया नगर कीर्तन

**अंबाला।** श्री गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में रविवार को श्री गुरु रविदास जी बोह अम्बाला की और से नगर कीर्तन निकाला गया तथा नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। श्री गुरु रविदास जी नगर कीर्तन का जगह-2 पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया व विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने दुध व चाय के लंगर के साथ संगतों का स्वागत किया। इस बार पर भी गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी -बोह (अम्बाला) के प्रधान सुनिल कुमार सोदी, सचिव रावत राज कुमार सोढ़ी, पहलाद दाम सोढी, अनीष कुमार, राम, धर्मवीर मिल्खी राम व गाँव मौहल्ले के माहित भूषण मुकेश अलीमात अनेक भक्त जन मौजूद रहे।

## रविदास जयंती कार्यक्रम में भंडारी होंगे मुख्य अतिथि

**अंबाला।** श्री गुरू रविदास के 648वें जयन्ती के उपलक्ष्य में डॉ भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण सभा द्वारा गुरू रविदास मन्दिर मोती नगर में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। डॉ भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण सभा के पदाधिकारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरू रविदास जयन्ती के मौके पर मोती नगर स्थित रविदास मन्दिर के पास से प्रभात फे री निकाली जाएगी और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी दोपहर 12 बजे यहां पहुंचेगें और गुरू रविदास मन्दिर में माथा टेक कर गुरू का आर्शीवाद प्राप्त करेंगे।

## प्रकाश पर्व पर लगाया खीर का लंगर



**बराड़ा।** गांव मिल्क शेखां में श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व पर खीर का लंगर लगाया गया। गांव के युवा समाजसेवी पंकज कुमार ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे नंबरदार गुरविन्द्र कलेर ने गुरु रविदास जी के समक्ष माथा टेका और लंगर का शुभारंभ कराया। इस अवसर गुरविन्द्र कलेर ने कहा कि गुरु रविदास जी महाराज का प्रकाश पर्व पूरी दुनिया में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। उनके गांव की संगत ने सडक़ किनारे खीर का लंगर लगाकर पुण्य का काम किया है। इस अवसर सेवादारों ने आने-जाने वाले राहगीरों को रोक कर उन्हें खीर का लंगर वितरित किया। पंकज कुमार ने बताया कि वह अपने गांव की संगत के सहयोग से हर मौके पर सडक़ किनारे लंगर लगाते हैं। इस अवसर पर देशराज, राजकुमार, श्रीराम, सिंगराम, राहुल, सुरेन्द्र, सन्नी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### घर में शौचालय न हो तो नहीं मिलेगा चुनाव लड़ने का मौका

# प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टर भी लड़ सकता है निकाय का चुनाव

- निकाय उम्मीदवारों के लिए तय की गई चुनाव लड़ने की योग्यताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला नगर निगम का बाहरी दृश्य।

प्रॉपर्टी टैक्स का डिफॉल्टर भी निकाय चुनाव लड़ सकता है। म्यूनिसिपल एक्ट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि डिफॉल्टर को चुनाव लड़ने से कोई रोक सके। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973, जो प्रदेश की सभी नगरपालिका परिषदों (म्युनिसिपल कौंसिल) और नगरपालिका समितियों (म्युनिसिपल कमेटी) पर लागू होता है कि धारा 13 ए में उक्त नगर निकायों के अध्यक्ष और वार्ड सदस्यों का चुनाव लड़ने बारे विभिन्न अयोग्यताओं संबंधी उल्लेख किए गए हैं। इनके अनुसार 21 वर्ष से कम आयु वाला व्यक्ति निकाय चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसके अतिरिक्त अगर किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा किसी क्रिमिनल (फौज़दारी ) केस में दस वर्ष की जेल की सजा हो चुकी हो अथवा उसके विरूद्ध ऐसे किसी आपराधिक मामले में चार्जेज फ्रेम (आरोप तय ) किए गए हैं जिसमें उसे दोषी साबित होने पर कम से कम दस वर्ष का कारवास हो सकता है, वह भी निकाय अध्यक्ष या वार्ड सदस्य का चुनाव नहीं लड़ सकता है। अगर किसी व्यक्ति कि प्राथमिक कृषि कॉओप्रेटिव सोसाइटी, जिला केंद्रीय कोऑपरेटिव बैंक या जिला प्राथमिक सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक के प्रति किसी प्रकार के भुगतान की देनदारी है तो वह भी नगर निकाय अध्यक्ष और वार्ड सदस्य का चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसी प्रकार बिजली बिलो का भुगतान न करने वाला व्यक्ति भी उक्त चुनाव नहीं लड़ सकेगा। इसके अतिरिक्त अगर भावी उम्मीदवार यह स्वतः घोषणा करने में असफल रहता है कि उसके घर/निवास स्थान पर कार्यशील टॉयलेट (शौचालय ) है तब भी उसे उक्त चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य होगा। यहां सबसे रोचक पहलू यह है कि हरियाणा म्युनिसिपल कानून, 1973 की उपरोक्त धारा 13 ए में ऐसा उल्लेख नहीं किया गया है कि नगर निकाय अध्यक्ष और वार्ड सदस्य का चुनाव लड़ने वाले भावी उम्मीदवार के लिए नगर निकाय द्वारा प्रतिवर्ष अपने क्षेत्राधिकार में स्थित मकानों, दुकानों, प्लाटों आदि पर लगाए जाने वाले प्रॉपर्टी टैक्स (संपत्ति कर) का देनदारी/बकाया नहीं होना चाहिए। इसका अर्थ यही निकलता है कि अगर किसी व्यक्ति का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है या दूसरे शब्दों में वह प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टर है तो वह भी नगर निकाय चुनाव लड़ सकता है। हालांकि सभी उम्मीदवार प्रॉपर्टी टैक्स एनडीसी प्राप्त कर उसे अपने नामांकन पत्रों के साथ संलग्न करते हैं।

### दसवीं पास होना आवश्यक

नगर निकाय अध्यक्ष और वार्ड सदस्यों का निर्वाचन लड़ने वालों के लिए न्यूनतम मेट्रिक (दसवीं ) पास होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति (एससी ) वर्ग के पुरुष और हर वर्ग की महिला के लिए हालांकि कम से कम आठवीं पास होना आवश्यक है। वहीं वार्डों से चुनाव लड़ने वाली अनुसूचित जाति वर्ग की महिला उम्मीदवार के लिए पांचवी पास होना ही पर्याप्त है। पिछड़ी जाति (बीसी ) के पुरुष/ महिला के उम्मीदवार के लिए कोई रियायत नहीं है। उन पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के तौर पर ही योग्यता का पैमाना लागू होंगे।

# साहा रूट पर इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर से साहा इंडस्ट्रियल एरिया के रूट पर रविवार को इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू हो गया। इस रूट पर यह बस दिनभर में पांच फेरे लगाएगी। मौजूदा समय में अंबाला में इलेक्ट्रिक बसें चार रूट पर संचालित हो रही थीं।इसमें अंबाला शहर से नन्हेडा, बोह बब्याल, पंजोखरा कलरहेड़ी समेत मोहड़ा रूट शामिल था। अब इसमें साहा इंडस्ट्रियल एरिया का पांचवां रूट भी शामिल हो गया है। अब रोडवेज इन सभी पांचों रूटों पर एक एक इलेक्ट्रिक बस का संचालन करेगी। इस तरह से अंबाला में आई पांच इलेक्ट्रिक बसों के पांच रूट फाइनल हो चुके हैं।

- दिनभर में लगाएगी पांच फेरे

### पहले इन रूटों पर हो रहा था संचालन

पहले रोडवेज विभाग के अधिकारी पांच इलेक्ट्रिक बसों को अंबाला सिटी से नन्हेड़ा वाया सुभाष पार्क पर एक बस, अंबाला सिटी से बोह-बब्याल वाया सुभाष पार्क रूट पर दो बस, अंबाला सिटी से पंजोखरा वाया कलरहेडी, तोपखाना रूट एक बस, अंबाला सिटी से मोहड़ा वाया शास्त्री कालोनी कुलदीप नगर, शाहपुर रूट पर एक बस और अंबाला सिटी से अंबाला छावनी रूट पर एक बस चला रहे थे। यातायात प्रबंधक विपुल नांदल ने बताया कि अंबाला सिटी से साहा औद्योगिक क्षेत्र रूट पर इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू कर दिया है। अब नन्हेडा, बोह-बब्याल, पंजोखरा- कलरहेड़ी, मोहड़ा शास्त्री कॉलोनी और साहा रूट पर एक-एक बस को लगाया है।

### ये रहेंगे रूट

**पहला रूट** : अंबाला सिटी से नन्हेड़ा वाया सुभाष पार्क एक बस, पांच फेरे
**दूसरा रूट** : अंबाला सिटी से बोह-बब्याल वाया सुभाष पार्क रूट पर एक बस, चार फेरे
**तीसरा रूट** : अंबाला सिटी से पंजोखरा वाया कलरहेडी, तोपखाना रूट एक बस, चार फेरे
**चौथा रूट** : अंबाला सिटी से मोहड़ा वाया शास्त्री कॉलोनी कुलदीप नगर, शाहपुर रूट पर एक बस, पांच फेरे
**पांचवा रूट**: अंबाला सिटी से साहा औद्योगिक क्षेत्र रूट पर एक बस, पांच फेरे

# चेयरपर्सन पद रिजर्व होना सारे समाज के लिए ऐतिहासिक मौका : सरवारा

- उम्मीदवारी से जीत तक एकता की एक मिसाल कायम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद वर्कर व अन्य।

अम्बाला छावनी में आगामी चुनाव हेतु सर्व-एससी समाज की एक खास बैठक चित्रा सरवारा की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान पर संम्पन्न हुई जिसमें एससी समाज के वरिष्ठ नेताओं व साथियों ने आगामी चुनाव हेतु अपने अपने विचार रखे। एससी समाज के अनेकों साथियों ने अपने विचार रखते हुए कहा की बहुत सौभाग्य की बात है की अम्बाला छावनी की इस बार नगर परिषद अम्बाला छावनी की सीट एससी समाज के खाते में आई है। इस बार टीम के सभी साथी एकत्रित होकर हर सीट पर अपने समाज की जो भी बेटी, बहु व साथी होंगे उनको भारी संख्या में एकजुट होकर जीत दिलवाने कराने का काम करेंगे। इस पर समाज के गणमान्य लोगों ने कहा कि इस बार एक होकर 36 बिरादरी को साथ लेकर इस सीट पर व 32 वार्डों में चित्रा सरवारा की अध्यक्षता में जीत का प्रचरम लहराएंगे।

इस बैठक में विचार रखते हुए छावनी से आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने कहा कि बहुत ही खुशी और सौभाग्य की बात है कि आज टीम का सारा एससी समाज एक मंच पर एकत्रित हुआ। चित्रा ने इस बैठक में कहा की सारे समाज के साथी एकत्रित होकर चेयरपर्सन और सदस्य पद के लिए छावनी में उम्मीदवार तय करें और सभी मिल कर जीत की तरफ काम करें इससे खूबसूरत बात नहीं हो सकती। चित्रा ने कहा की मुकाबला आज भी भाजपा और हमारी टीम में ही होगा। समाज की इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जो भी एक व्यक्ति समाज के निर्णय से खड़ा किया जाएगा, उसको मिलकर सभी ने जिताकर सदस्य और चेयरपर्सन बनाना है और 32 के 32 वार्डों में जीत निश्चित करनी है।

## मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू

**अंबाला।** जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित डा. बी.आर. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पात्र विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे 28 फरवरी 2025 तक इस योजना के लिए आवेदन अवश्य कर लें। यह योजना अनुसूचित जाति, टपरीवास एवं घुमंतू जातियों के 10वीं, 12वीं और स्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए तथा पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए केवल 10वीं कक्षा के लिए उपलब्ध है। इस योजना के लिए पात्रता मानदंड 10वीं कक्षा के लिए अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग-ए के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को न्यूनतम 60 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को 70 प्रतिशत अंक होने चाहिए और पिछड़ा वर्ग-बी और सामान्य वर्ग के ग्रामीण विद्यार्थियों को न्यूनतम 75 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को 80 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

# जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज बराड़ा



बराड़ा। विदाई समारोह के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए स्कूल स्टाफ।

- एंजल्स स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

बराड़ा स्थित एंजल्स पब्लिक स्कूल में 12वीं के बच्चों को विदाई पार्टी दी गई। जिसमें 11वीं के बच्चों ने 9वीं एवं 19वीं के बच्चों के सहयोग से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। स्ट्रॉ की मदद से चने के दाने को एक प्लेट से उठाकर दूसरी में डालने, म्यूजिकल चेयर गेम, बूझो तो जाने के अंतर्गत टीचर्स की पहचान करना आदि कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण थे। जितने वाले बच्चे को गुड शॉट में कोल्ड ड्रिंक पीने को दी गई। तथा हारने वाले को नीम, करेले के जूस में गार्लिक पेस्ट मिलाकर पीने को दिया गया।

12वीं के बच्चों ने हर एक्टिविटी मैं बढ़चढ़ कर भाग लिया और आनंद लिया। 12वीं के हर बच्चे की आदतों पर आधारित सटीक टाइटल भी दिए गए। जिसने माहौल में हंसी और मस्ती भर दी। गानों पर थिरकते बच्चे एक अलग ही मस्ती की अनुभूति करा रहे थे। मंच संचालन में अध्यापिकाओं सरिता एवं जसप्रीत के मार्गदर्शन में 11वीं की लक्ष्मी तथा दीपाक्षी ने अपनी वाक कला का परिचय दिया। 9वीं के लडक़ों का भांगड़ा, 10वीं की लड़कियों का हरियाणवी नृत्य तथा 11वीं की लड़कियों के डांस ने सबका मन जीत लिया। बिदाई पार्टी में विभिन्न गतिविधियों तथा पूरे वर्ष की परफॉर्मेंस पर आधारित मिस्टर एंजल तथा मिस एंजल चुने गए जिसमें तरुण एवं युविका ने बाजी मारी। इसी दौरान 9वीं, 10वीं एवं 11वीं में से स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुने गए। 9वीं में हरमन,10 वीं में यशिका तथा 11वीं में लक्ष्मी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड से प्रिंसिपल वीं मेहता द्वारा सम्मानित किया गया। डायरेक्टर कोमल शर्मा ने 12वीं के बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 9वीं से 11वीं के बच्चों, टीचिंग स्टाफ पूनम, सारिका, ममता, कविता, छीमा, प्रीति, बलविंदर, मीनाक्षी, सोनम, अरुण, हेमलता, राजबीर, अरुण, सूरज, अनिल तथा पार्थ के अतुलनीय सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# एक ही रात में चार दुकानों के ताले तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रौलों गांव में चार चोरों ने एक ही रात में चार दुकानों के ताले तोड़ दिए। सुनार की दुकान से हजारों रुपये के चांदी के आभूषण सहित करियाना दुकान से कोल्ड ड्रिंक की पेटी ले गए। हालांकि एक अन्य करियाना और कपड़े की दुकान के ताले तोड़े थे लेकिन उसमें से कुछ चोरी नहीं हुआ।

यह पूरी वारदात एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। महेश नगर थाना पुलिस ने सर्राफा कारोबारी बब्याल निवासी शुभम की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित दुकानदार बब्याल के सैनी मोहल्ला निवासी शुभम ने बताया कि उसने करीब छह माह पहले ही सुनार की दुकान खोली थी। रोजाना की तरह वह छह फरवरी की रात को ताले लगाकर गया था।

सूचना मिली कि दुकान का शटर टूटा है। आकर देखा तो दुकान में करीब 70 हजार रुपये चांदी से बने आभूषण सहित तीन हजार रुपये की नकदी की अलमारी नहीं थी।

दुकान के बाद खेतों में देखा तो टूटी हुई अलमारी थी और जेवर व नकदी गायब थी। इसी तरह चोर साथ वाली करियाने की दुकान का शटर तोड़कर खाने पीने का सामान चोरी हो गया। इसके अलावा करियाना और कपड़े की दुकान के भी ताले तोड़े थे। हालांकि कपड़े व करियाना की दुकान में कोई नुकसान नहीं हुआ।

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आज

- सभी सरकारी व निजी स्कूलों में दिखाया जाएगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो हरिभूमि

प्रधानमंत्री का परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम सोमवार को जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में दिखाया जाना है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। सभी स्कूलों में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे दिखाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ सभी शिक्षक भी शामिल होंगे। इसके लिए अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। निदेशालय ने सभी स्कूलों में सीधा प्रसारण दिखाने के लिए किए जाने वाले प्रबंध करने के जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए हैं। वहीं कार्यक्रम दिखाने के लिए स्क्रीनए एजुसेट व इंटरनेट इत्यादि सभी प्रबंध दुरुस्त करने के आदेश दिए गए हैं। यह कार्यक्रम छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाएगा। जिलेभर में 724 राजकीय व 387 प्राइवेट स्कूल हैं। जिसमें लगभग अढाई लाख विद्यार्थी हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी स्कूलों में दिखाया जाएगा। स्कूल को 30 हजार रुपये तक खर्च करने की अनुमति दी है।

### आज परीक्षा पर प्रधानमंत्री विद्यार्थियों को देंगे टिप्स

जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि स्कूलों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाना है। इसके लिए सभी स्कूलों में व्यवस्था की गई है। इसके लिए सभी अधिकारियों व स्कूल मुखियाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बिना नंबर के वाहनों पर नकेल कसेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा के नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रमोद सिंह की अध्यक्षता में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि क्षेत्र में आमजन के सहयोग से कानून व्यवस्था मजबूत की जाएगी और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो चोरी की घटनाएं हुई हैं। उन्हें सुलझाने के लिए गई टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही सभी घटनाओं का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इलाके में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पेट्रोलिंग करेंगे और गश्त बढ़ाई जाएगी। जो आवारा किस्म के लोग हैं, जिनके पास बिना नंबर के वाहन हैं उनपर नकेल कसी जाएगी। ऐसे वाहनों के चालान किए जाएंगे। नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जाएगी। नशा करने वाले युवाओं को समझाया जाएगा, इसके लिए स्कूलों आदि में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जो नशा बेच रहा है, उसके बारे में आमजन जानकारी दे। जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को कोई भी समस्या सुलझाने के लिए आमजन का सहयोग बेहद जरूरी है। इसलिए बराड़ा की जनता उनका सहयोग कर, यदि जनता को कोई समस्या है तो वह उन्हें बताएं। बराड़ा पुलिस जनता की सेवा में हमेशा तत्पर है।

## लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीन ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय अम्बाला व सब डिवीजन नारायणगढ की अदालतों में 8 मार्च 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत में नेशनल लोक अदालत 7 मार्च 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0171-2532142 व 9991112660 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने अपील की कि वे अदालत में लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें इस लोक अदालत में रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं जिससे आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढती है और लोक अदालत में समझौता हुए मुकदमों की अपील भी नहीं होती जिससे समय व धन की बचत होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम | सेक्टरवासियों की गर्मियों में पेयजल समस्या होगी दूर

# मेन वाटर वर्क्स में लगेगा ट्यूबवेल, खर्च होंगे साढ़े 23 लाख

- सेक्टर 11 में भी सीवरेज व्यवस्था को भी दुरुस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। एचएसवीपी कार्यालय। फोटो हरिभूमि

शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए सेक्टरवासियों के पेयजल किल्लत के समाधान को लेकर कार्यालय मेन वाटर वर्कस में एक ट्यूबवेल लवाएगा। इस पर 23 लाख 33 हजार 251 रुपये की राशि खर्च होगी।

वहीं सेक्टर 11 में 11 लाख 83 हजार 914 रुपये की राशि से बकेट टाइप मशीन द्वारा सीवरेज लाइन की सफाई व मरम्मत को लेकर काम किया जाएगा। इसके लिए एचएसवीपी ने टेंडर लगाया है। फरवरी माह के तीसरे माह में इसकी ऑनलाइन बिड खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद तीन माह में ट्यूबवेल संबंधित एजेंसी लगाएगी। गौरतलब है कि सेक्टर छह, सात, आठ व नौ शहर के पॉश क्षेत्र में आते हैं। यहां सिविल लाइन थाना, पॉलीक्लीनिक सहित चार से पांच निजी अस्पताल भी हैं। चारों सेक्टरों में 2500 मकान हैं।

इसमें लगभग दस हजार की आबादी है। सेक्टर छह, सात, आठ व नौ में नहरी पेयजल की सप्लाई होती है। गर्मियों में कई बार नहर नही आती तो सेक्टरवासियों को नहरी पेयजल सप्लाई मुहैया करवाने में एचएसवीपी को परेशानी होती है। वहीं सेक्टरवासियों की मांग है कि सेक्टरों में खस्ता सड़कहालत का भी सुधार किया जाए। सेक्टरों में सडक़े टूटी पड़ी हैं। जिस कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

सेक्टरों की सड़कें निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, नरवाना-रोहतक हाईवे व सफीदों रोड को जोड़ती हैं। ऐसे में यहां वाहनों का आवागमन ज्यादा है। सडक़ों पर गहरे गड्ढे हैं, जिससे गिरकर वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं। वहीं सेक्टरों के खाली पड़े प्लॉट में सीवरेज का गंदा पानी जमा रहता है।

### लगवाया जाएगा ट्यूबवेल

एचएसवीपी जेई अनुज ढांडा ने बताया कि एचएसवीपी का प्रयास है कि लोगों की समस्या का समाधान किया जाए। एचएसवीपी द्वारा सेक्टरों में सुधार कार्य को लेकर टेंडर लगाए गए हैं। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी कार्य करेगी। सेक्टर वासियों को गर्मियों के मौसम में पेयजल की दिक्कत नही हो, इसके लिए एचएसवीपी द्वारा मेन वाटर वर्कस में ट्यूबवेल लगाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर 11 में भी सीवरेज व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा।

### दूषित पानी से बीमारी फैलने का डर : बांगड़

सेक्टर आठ के प्रधान सतबीर बांगड़ ने बताया कि सेक्टरों के प्लाट में सीवरेज का गंदा पानी जमा होने पर हर समय बदबू आती रहती है। इससे लोगों के बीमार होने का डर बना रहता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सडक़े टूटी हुई हैं। सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। ऐसे में सेक्टरवासियों की समस्या का स्थाई समाधान किया जाना चाहिए।